शिक्षा संबंधी नम्बर

सीएसजेएम वि.वि.	2570663, 301
सी.एस.ए.	2534156, 63
जिला विद्यालय निरीक्षक	2291889
आई.आई.टी.	2597258
एच.बी.टी.आई.	2542849

राज्य महिला आयोग की सदस्य ने किया डफरिन अस्पताल का निरीक्षण

कानपुर।राज्य महिला आयोग की सदस्य पूनम कपूर और प्रमिला शुक्ला ने जिला महिला अस्पताल डफरिन का निरीक्षण किया। इस दौरान अस्पताल में साफसफाई की व्यवस्था का अवलोकन किया गया। सदस्य पूनम कपूर और प्रमिला शुक्ला ने दवा वितरण की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। राज्य महिला आयोग के सदस्य ने कोरोना वैक्सीनेशन कार्य का भी अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान कुछ खामियां पाए जाने पर चिकित्साधिकारियों को जरूरी दिशा निर्देश दिए गए। उन्होंने बताया कि पिछले एक माह से प्रदेश में अभियान चलाकर सभी महिला अस्पताल की भी महिला अस्पताल का निरीक्षण व्यवस्थाओं का अवलोकन किया जा किया गया। आयोग की सदस्या पूनम रहा है। इसी कड़ी में आज शहर में कपूर के मुताबिक महिलाओं की सुरक्षा

और सुविधा प्रदेश सरकार की प्राथमिकता है। यह अभियान आगे भी चलता रहेगा। महिलाओं की और भी बनाया जाएगा सशक्त। महिलाओं के साथ होने वाले अपराध कैसे रोके जाएं। महिलाओं को सशक्त कैसे बनाया जाए। उनकी हर संभव मदद कैसे की जाए। इसको लेकर पुलिस उपायुक्त महिला अपराध रवीना त्यागी जिला प्रोबेशन अधिकारीए महिला थाना प्रभारी व अन्य अधिकारी कर्मचारियों के साथ बैठक की गई । महिला शरणालय में आयोजित इस बैठक में घरेलू हिंसा पीड़िताओं के लिए शासन द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के संबंध में चर्चा की गई। बैठक में डायल ११२ से संबंधी घरेलू हिंसा संबंधित अपराधए निराश्रित महिला संबंधी अपराधए दहेज संबंधी अपराधए मिशन शक्ति कार्य योजना व इनकी रोकथाम के लिए विचार रखे गए। अपर पुलिस उपायुक्त महिला अपराध और जिला प्रोबेशन अधिकारी द्वारा एक प्रशिक्षण माड्यूलर तैयार किया जा रहा है । प्रबल प्रतिक्रिया में १८१ हेल्पलाइन और १ स्टाप सेंटर को लिंक करने के संबंध में भी चर्चा की गई। बुधवार को पीआरबी के टीम के प्रशिक्षण के बाद गुरुवार को सभी का टेस्ट हुआ। टेस्ट में प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले टीम के २५ सदस्य शामिल हुए। टेस्ट में शामिल हुई नेहा यादव ने १५ में से १४ अंक पाकर टॉप किया जबकि नीलम मौर्या व निधि श्रीवास्तव ने संयुक्त रूप से दूसरा स्थान प्राप्त किया ।

खानकाहे हुसैनी से वैक्सीन लगवाने की अपील

कानपुर । मोहम्मदी यूथ रुप के जेरे एहतिमाम हज़रत ख्वाजा सैय्यद मोईनुद्दीन हसन चिश्ती गरीब नवाज़ ;रह०अलै०द्ध की छठी शरीफ खानकाहे हुसैनीए कर्नलगंज में मुल्क में खुशहाली की दुआ व कोरोना वैक्सीन लगवाने का संदेश देने के साथ सादगी से मनाई गयी।खानकाहे हुसैनी हज़रत ख्वाजा सैय्यद दाता हसन सालार शाह ;रह०अलै०द्ध में हर महीने होने वाली गरीब नवाज़ की छठी शरीफकी शुरुआत हाफिज़ मोहम्मद क़फ़ील हुसैन ने तिलावते कुरानपाक से की। गरीब नवाज़ की बारगाह में इत्र गुलाब व संदल पेश किया गया गरीब नवाज़ ज़िंदाबादए ख्वाजा का हिंदुस्तान ज़िंदाबाद या मोईन हक मोईन के नारे बुलंद किये गये। शेरा ए करान ने गरीब नवाज़ की शान मे हम प्याले है वज़ीरों मे गिने जाते है सिल सिलाएं चिश्त के फक़ीरों मे गिने जाते है जबसे डाली है ख्वाजा ने इनायत की नज़र काँच के टुकड़े है हीरों मे गिने जाते है। छठी शरीफ की नज़र सिज़रा पढ़ सलातो सलाम पेश कर दुआ हुई दुआ में अल्लाह से हज़रत मोहम्मद मुस्तफा ;स०अ०व०द्धए अहले बैत

गरीब नवाज़ के सदके मे मुल्क सुबे व शहर में खुशहाली देनेए कोरोना वायरस के कहर से बचानेए नमाज़ की पाबंदी करने की दुआ की। दुआ के बाद इखलाक अहमद डेविड चिश्ती ने कोरोना वैक्सीन लगवाने की आवाम से अपील करते हुए कहा कि किसी भ्रम में नही रहे कोरोना से लड़ने में वैक्सीन ज़रुर लगावकर मुल्क से कोरोना वायरस के खात्मे करने में सहयोग करे और अपने व अपने परिवार की सुरक्षित रखें।

दुआ में इखलाक अहमद डेविड चिश्ती, हाजी मोहम्मद शाबान, मोहम्मद शाहिद चिश्ती, हाफिज़ मोहम्मद क़फ़ील, परवेज़ आलम वारसी, अयाज़ अहमद चिश्तीए परवेज़ आलम सिद्दीकी, मोहम्मद हमीद, मोहम्मद फ़ाज़िल चिश्ती, अबरार अहमद वारसी, आफ़ताब अहमद वारसी, ज़ुबैर इदरीसी, एजाज़ रशीद, अतीक अंसारी, मोहम्मद मोहसिन, मोहम्मद रज़ा खान, मोहम्मद लारेंब अफ़ज़ाल अहमद आदि लोग मौजूद थे।

युवक को तमंचे और कारतूस के साथ गिरफ्तार किया

कानपुर। अनवरगंज पुलिस ने एक युवक को तमंचे और कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है । पकड़े गये युवक का नाम मोहम्मद इस्लाम है। जिसे पुलिस ने जेल भेज दिया

सूचना

शिवा पॉलीप्लास्ट प्रा. लि. पता-ई-१२ पनकी इण्डस्ट्रियल ऐरिया साईट-१ कानपुर के फार्म नं. ३८ के ३७ फार्म सं.०८७६७३६, ०८७६७४९, ०८७०६२१, ०८७६२३, ०८७६२३, १००४८७३, १००४८७५, १००४८७७, १००४८९५, (१६), ००६८५७१७, ००६८५७१८, १९६२६७, ३०३९६०२, ३०३९६९५, ०४५१९५२, ५७७०७९, ५७७०७९, ५७७०७६, १२६१७६० और १२६०६६३ वास्तव मे खो गये है इसका उपयोग पूर्णतयाः अवैध माना जायेगा।

सीआर- १८४(४८)

सूचना

परफेक्ट कन्टेनर कारपोरेशन पता-बी--२६ रूमा इण्डस्ट्रियल ऐरिया कानपुर के फार्म नं. ३८ के ३ फार्म सं.-२८६४७२०, २८६४७२१ और २८६४७२२ वास्तव में खो गये है। इसका उपयोग पूर्णतयाः अवैध माना जायेगा।

सीआर- १८५(२८)

एस.पी.पीलीभत पता-ए-१० रूमा इण्डस्ट्रियल ऐरिया कानपुर के फार्म सी के १० फार्म सं.-०४५४१०० से ०४५४१०९ तक वास्तव में खो गए है। इसका उपयोग पूर्णतयाः अवैध माना जायेगा।

सीआर-१८३(२४)

सूचना

मैने अपने पुत्र सुमित दुबे पुत्र वधू संध्या बाजपेयी उर्फ निशी बाजपेयी से सम्बन्ध विच्छेद कर लिया है। **शानेन्द्र दुबे** पुत्र स्व. कृष्ण बिहारी, हाल पता बी-४६ रतनपुर पनकी कानपुर।

सीआर-१८२(३०)

सूचना

मेरी पॉलिसी संख्या २३८४०३२९१४ मेरा नाम सोयल अंकित हैं जबकि आधार कार्ड ,पैन कार्ड, बैंक खाते तथा समस्त अभिलेखों में में मेरा नाम मो० सोहेल खान अंकित हैं अतएव संशोधित कर मो० सोहेल खान माना जाय। सोहेल खान पुत्र गुड्डू निवासी सुल्तानपुर पोस्ट नेरा कशौज (45)

गंगा दशहरा के तैयारी के लिए किया नमामि गंगे प्रकल्प ने घाटो का निरीक्षण

कानपुर। नमामि गंगे प्रकल्प भाजपा द्वारा २० जून को होने वाले गंगा दशहरा के पावन अवसर पर किया गया घाटों का निरीक्षण अभियान के प्रमुख प्रदेश संयोजक श्री कृष्ण दीक्षित बड़े जी के नेतृत्व में क्षेत्रीय सहसंयोजक राम कुमार मिश्रा जिला संयोजक अनूप चौधरी रंजीत सिंह रविकांत शुक्ला अनूप चौधरी अतुल गुप्ता विकास दीक्षित मोहन दीक्षित आदि के नेतृत्व में अटल घाट से लेकर सिद्धनाथ घाट तक सभी घाटों का निरीक्षण किया गया जिसमें घाटों की स्वच्छता पानी की व्यवस्था बिजली की व्यवस्था वह सुरक्षा की दृष्टि से निरीक्षण किया गया श्री कृष्ण दीक्षित ने बताया कि २० जून को मां गंगा का जन्मदिन गंगा दशहरा के रूप में मनाया जाता

है महामारी के कारण गाइडलाइन का पालन करते हुए लोगों से निवेदन किया गया है कि वह गंगा का पूजन अपने घरों पर ही करें वाह यदि गंगा स्नान करने आए तो गाइडलाइन का पालन करें ठाकुर शैली सिंह चौहान ने कहा कि मां गंगा का जन्मदिन उत्तर प्रदेश के सभी जिलों में मनाया जाएगा घाट पर जो भी समस्याएं हैं उसके लिए नगर निगम बिजली विभाग जिला प्रशासन से बात की जाएगी उत्तर प्रदेश में मां गंगा के भक्तों की सरकार है इसलिए व्यवस्था उत्तम होनी चाहिए।

आयुध निर्माणियों के निगमीकरण के विरोध में

बरसते पानी मे कानपुर कांग्रेस का जोरदार विरोध प्रर्दशन

सिर पर काली पट्टी काले झण्डे लेकर कांग्रेसजनों ने जताया विरोध

कानपुर शहर कांग्रेस कमेटी कानपुर ;दक्षिणद्ध के तत्वाधान में आज आयुध निर्माणियों के निगमीकरण के विरोध में स्माल आर्मस फैक्ट्री के गेट पर जोरदार प्रदर्शन किया गयाए ज्ञात हो कि देश की भाजपा सरकार ने देश की ४१ आयुध निर्माणियों का निगमीकरण किया है। प्रर्दशनकारी कांग्रेसजनों ने सिर पर काली पट्टी बांध रखी थीए विरोध में काले झण्डे लिये थेए उनके हाथों में ष्मोदी सरकार मुर्दाबादष् ष्निगमीकरण वापस लोष् ष्आयुध निर्माणियां कानपुर की शानष् निगमीकरण मुर्दाबादए उद्योगो के शहर को कब्रगाह न बनाओ जैसे नारे लिखी तख्तियां थी। कांग्रेस कानपुर दक्षिण के अध्यक्ष ;डाण् शैलेन्द्र दीक्षित ने कहा कि देश की भाजपा सरकार ने एक तरफ निर्णय लेते हुये देश की सामरिक सुरक्षा से जुड़ी ४१ आयुध निर्माणियों का निगमीकरण किया है। जो देश की रक्षा संसाधनों से खिलवाड़

है युद्ध संकट के समय आयुध निर्माणियों के योगदान को भुलाया नही जा सकता हैए इस निर्णय से ष्कानपुर की शान एवं पहचानष् को भारी नुकसान हुआ हैए डाण् दीक्षित ने बताया कि केन्द्र सरकार के इस तानाशाह पूर्ण निर्णय से निर्माणियों के ७०००० कर्मचारियों के हितों को आघात पहुँचा हैए उनकी नौकरियों पर खतरा मंडरा रहा हैए इससे रक्षा प्रतिष्ठानों के कार्य की प्रकृति पर विपरीत प्रभाव पड़ेगा हम कांग्रेस जन इस निर्णय की निंदा करते हैं।कर्मचारियों के इस संकट काल में कांग्रेस उनके हर संघर्ष में साथ खड़ी हैए हमारी मांग है कि निगमीकरण वापस लिया जाये। कार्यक्रम में लखनऊ से आये प्रदेश सचिव एवं कानपुर के प्रभारी मनोज तिवारी जी भी उपस्थित रहे।

प्रर्दशन में प्रमुख रूप से डाण्आर के जगतए विनोद सिंहए सुशील द्विवेदीए अमित मिश्राए बिन्नू रावतए विवेक सिंहए दीपक शर्माए हर्षित सिंहए कुन्नू चन्देलए सिद्धार्थ सिंहए आदित्य चैबेए अमित परिहारए स० रौनक सिंहए सुनील बालमीकिए सन्टू पाण्डेए रन्तिदेव बाजपेयीए मोनु शर्माए जब्बार खानए नीलम चैरसियाए मारुत शर्माए स्वाती वर्माए ब्रजेश गुप्ताए हरिकिशन भारतीए विकास कुरीलए छेदीलालए राजीव वर्माए शबनम आदिलए अजय तिवारीए वीके सिंहए डाण् निसार अहमदए टिन्नु ठाकुरए ए रजनी सेंगरए प्रवीन द्विवेदीए काजल शर्माए नबाब खानए बउआ के सरवानीए योगन्द्र कुशवाहाए करमजीत सिंहए वेद प्रकाश सिंहए लकी सैमुअल सिंहए राकेश पाण्डेयए विनोद यादवए सण्फर्मबीर सिंहए महेन्द्र सिंहए सुरेश पाण्डेयए ओम तिवारी आदि लोग उपस्थित थे।

कोरोना महामारी की तीसरी लहर आने की सम्भावना के चलते ऑक्सिजनेटर एवं क्वारन्टीन केन्द्र स्थापित किया

कानपुर । विश्व हिन्दू परिषद कानपुर प्रान्त के प्रान्तीय कार्यालय गोविंदनगर में कोरोना महामारी की तीसरी लहर आने की सम्भावना के चलते परामर्श केंद्र के साथ ऑक्सिजनेटर एवं क्वारन्टीन केन्द्र स्थापित किया है। जिससे आवश्यकता पड़ने पर जनमानस की सेवा की जा सके। केन्द्र का लोकार्पण राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रान्त प्रचारक श्रीराम महापौर श्रीमती प्रमिला पाण्डेय के द्वारा सनातन विधि से पूजन अर्चन कर सम्पन्न किया गया।

प्रेसिडेंट राम नाथ कोविंद दौरा

२५ जून को ३ दिन के लिए आ सकते हैं कानपुर

प्रेसिडेंट बनने के बाद पहली बार अपने पैतृक गांव जाएंगे

कानपुर २५ जून से २७ जून तक राष्ट्रपति कानपुर दौरे पर रहेंगे। वहींए ये पहला मौका होगा जब राष्ट्रपति बनने के बाद अपने गांव परौंख जाएंगे।

राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद के कानपुर दौरे को लेकर तैयारियां तेज कर दी गई हैं। राष्ट्रपति भवन से दौरे को लेकर कानपुर प्रशासन से जानकारियां शेयर की गई हैं। २५ जून से २७ जून तक राष्ट्रपति कानपुर दौरे पर रहेंगे। वहींए ये पहला मौका होगा जब राष्ट्रपति बनने के बाद अपने गांव परौंख जाएंगे। २७ जून को वह अपने गांव जा सकते हैं। गांव परौंख में बीते १० दिनों से घड़ल्ले से विकास कार्य कराए जा रहे हैं। वहीं गांव के लोग भी स्वागत की तैयारियों में जुट गए हैं।

स्कूलों को सजाया जा रहा

परौंख गांव में प्राथमिक और जूनियर स्कूलों में थ्री डी पेंटिंग की जा रही है। इसके अलावा मुख्य द्वार पर रोड और गांव में बने ट्वॉयलेट को चमका दिया गया है। कम्यूनिटी ट्वॉयलेट में इलेक्ट्रिसिटी के लिए सौर ऊर्जा के पैनल लगाए जा रहे हैं। डीएम कानपुर देहात जेपी सिंह की राष्ट्रपति से मुलाकात कर और गांव में हो रहे विकास कार्यों की विस्तृत रिपोर्ट भी दे चुके हैं।

कानपुर में भी तैयारियां शुरू

राष्ट्रपति के कानपुर दौरे को लेकर कानपुर नगर में भी तैयारियों को शुरू कर दिया गया है। हालांकि कानपुर दौरे के दौरान उनके कार्यक्रमों की रिपोर्ट तैयार की जा रही है। वहीं राष्ट्रपति विशिष्ट अतिथियों से मिल सकते हैं। उनकी भी लिस्ट तैयार की जा रही है। दौरे को लेकर अभी गोपनीयता बरती जा रही है।

हिंदी पत्रकार भवन शहर की एक धरोधर है: विजय कपूर

युवा पत्रकारों के लिये वैक्सिनेशन शिविर

कानपुर। कानपुर जर्नलिस्ट क्लब के तत्वावधान में आज अशोक नगर स्थित हिन्दी पत्रकार भवन में युवा पत्रकारों और उनके परिजनों के लिए वैक्सीन शिविर आयोजन किया गया वैक्सीन शिविर का शुभारंभ कोपे स्टेट के चेयरमैन विजय कपूर ने बतौर मुख्य अतिथि किया। शिविर में सैकड़ों पत्रकारों और उनके परिजनों को कोविडशील्ड वैक्सीन लगाकर कोरोना सुरक्षा कवच प्रदान किया गया।

मुख्य अतिथि विजय कपूर ने इस मौके पर कहा कि हिंदी पत्रकार भवन में पत्रकारिता के पुरोधाए साहित्यकारों और मनीषियों का गहरा जुड़ाव रहा है। जर्नलिस्ट क्लब का आभार जताते हुये उन्होंने कहा कि ऐतिहासिक हिंदी पत्रकार भवन शहर की धरोधर है। हमें कोरोना को हराना है वैक्सीन लगवाना है। पत्रकारों की पहल के लिये जर्नलिस्ट क्लब बधाई का पात्र है। कानपुर जर्नलिस्ट क्लब के महामंत्री अभय त्रिपाठी ने हिंदी पत्रकार भवन का स्वर्णिम इतिहास बताया।

ASIAN FERTILIZERS LIMITED

CIN: L999999UP1986PLC007621
Regd. office: Flat No. 202, Preet Garden, 3A/172, Azad Nagar, Kanpur, 208002
Corporate office: P.W.D. officer's colony, Near Sahara Press, Park road, Gorakhpur-273001
E-mail: afl@asianfertilizers.com, investor@asianfertilizers.com
Phone: (0551) 2203421, 2202436, Website: www.asianfertilizers.com

NOTICE

Pursuant to Regulation 29 read with Regulation 47 of SEBI (Listing Obligation and Disclosure Requirements) Regulation, 2015 (Listing Regulation), Notice is hereby given that a meeting of the Board of directors of the Asian Fertilizers Limited is scheduled to be held on 26' June, 2021, interalia, to consider and approve the audited financial results of the Company for the quarter and year ended 31' March, 2021.

The said notice may also be accessed on the Bombay Stock Exchange website at www.bseindia.com and company's website at www.asianfertilizers.com

FOR **ASIAN FERTILIZERS LIMITED**
SD/- Ashok Kumar Matanhelia
Managing Director
Place: Gorakhpur
Date: 19/06/2021
Din: 01763776

तेज बारिश के चलते एक पेड़ अचानक गिर पड़ा

कानपुर । शुक्रवार को सुबह से हो रही तेज बारिश के चलते जहां एक तरफमौसम सुहावना हो गया वहीं कई जगह यह बारिश लोगों के लिए मुसीबत बन कर भी आई जहां। घाटमपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत तेज बारिश के चलते एक पेड़ अचानक गिर पड़ा वही पेड़ गिरते ही वहां से गुजर रहे लोगों में हड़कंप मच गया इस दौरान पास खड़ी हुई बाइक भी पेड़ की चपेट में आकर दब गई और बुरी तरीके से क्षतिग्रस्त हो गई ।जानकारी के मुताबिक बारिश के चलते आज जनजीवन अस्तव्यस्त रहा ए जहां आज लगातार सुबह से रुक रुक कर बारिश हो रही है। इस दौरान घाटमपुर क्षेत्र में एक पेड़ बारिश की वजह से भरभरा कर गिर पड़ा पेड़ गिरते ही लोगो मे अफ़रातफरी का माहौल बन गया तो वही पेड़ की चपेट में एक बाइक भी आ गयी और बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गयी। वही पेड़ गिरने की वजह से लोगो को खासी दिक्कतों का सामना भी करना पड़ रहा है।

पूजा अर्चना कर गंगा जी को चढ़ाई जायेगी चुनरी

कानपुर। किदवई नगर स्थित स्वामी पद्मनाभ मन्दिर परिसर में अखिल भारतीय मठ मन्दिर समन्वय समितिएकानपुर की महिला शाखा की मीटिंग सम्पन्न हुई। समिति की महिला शाखा अध्यक्ष बिन्दु गोयल नें बताया कि हर वर्ष के भांति इस वर्ष भी मां गंगा के अवतरण दिवस पर २० जून को गंगा दशहरा के पावन पर्व पर पूज्य बालयोगी अरूणपुरी जी महाराज के संयोजन में होनें वाले भव्य आयोजन को कोविड नियमों को ध्यान में रखते हुये अलग अलग घाटों पर पूज्य बालयोगी के निर्देशन में मां गंगा का पूजन कर चुनरी चढ़ाई जायेगी। जिसके पश्चात शाम चार बजे सिद्धनाथ घाट में मां गंगा का पूजन अर्चन,मंगला आरती,भण्डारा का आयोजन किया जायेगा।

लालेपुर गांव मृतकों के परिजनों से मिले इंटक नेता, हर संभव मदद का दिया आश्वासन

कानपुर। राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस के तत्वाधान में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विजय सिंह मर्तोलिया सचेंडी हादसे के मृतकों के परिजनों ने अपना दुखड़ा रोया और आरोप लगाते हुए कहा कि हम लोग के घर की हालत बद से बदतर हो गई है। हमारे घर के कमाने वाला सदस्य हाद से में खत्म हो गया है। घरों में कई दिनों से चूल्हा नहीं जला है। क्षेत्रीय विधायक के पास इतना भी समय नहीं है कि हम लोगों की बात सुन सके। और सांसद तो देखने तक नहीं आए। प्रशासन ने सिर्फ आश्वासन दिया है। आप ही हमारी मदद करें। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भावी महापौर प्रत्यशी विजय सिंह मर्तोलिया इसके बाद लालेपुर गांव मृतकों के परिजनों से

मिले और उन्हें आश्वासन दिया कि उनकी हर संभव मदद की जाएगी। जोकि चार लाख की आर्थिक सहायता की गई है वह बहुत कम है। शासन प्रशासन से आर्थिक सहायता और अधिक दिलवाई जाएगी। इसके लिए राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस को अगर सड़कों पर उतर कर आंदोलन करना पड़ा तो वह भी किया जाएगा। मजदूरों के हक की लड़ाई लडी जाएगी। परिजनों ने आंख से बहते आंसू से हाथ जोड़कर कहा अब आप ही का सहारा है। मुख्य रूप से उपस्थित विजय सिंह मर्तोलिया शिव शंकर भदौरिया बंटी लाला पवन श्रीवास्तव आरबी सिंह एन मंसूरी लव कुश संतोष पासवान इंद्रजीत रोहित धनीराम आदि लोग मौजूद रहे।

प्रदेश उपाध्यक्ष के द्वारा मंडल पदाधिकारियों के संग की गई बैठक

कानपुर। भाजपा दक्षिण जिलाध्यक्ष डॉ वीना आर्या पटेल की अध्यक्षता में आयोजित जिला बैठक में पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए जिला प्रभारी विजय बहादुर ने कहा कि जिला पदाधिकारी मण्डल पदाधिकारी बूथों तक वैक्सिनेशन जागरूकता अभियान चलाने और आम लोगों को वैक्सीन लगवाने में हर सम्भव मदद करें। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार की जनहितकारीए लोक कल्याणकारी योजनाओं को आम जनों के बीच पहुंचा कर पात्रों को लाभ दिलाना भी कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी है।

कोविड महामारी के कारण अनाथ बच्चों के लिए मुख्यमंत्री बाल योजनाए कन्या सुमंगला योजनाए दिव्यांग पेंशन योजना, श्रमिक पंजीकरण योजना, शिशु हित लाभ योजनाए निर्धन परिवारों की पुत्रियों के लिए विवाह अनुदानए युवाओं के लिए अभ्युदय योजना, किसान व वृद्धावस्था पेंशन एपरिवारिक लाभ योजना आदि योजनाओं को आम लोगों तक पहुंचाने और उनका लाभ दिलाने के लिए पार्टी के युवा मोर्चाए अनुसूचित मोर्चा ,पिछड़ा वर्ग मोर्चाए किसान मोर्चा आदि मोर्चा व प्रकोष्ठों को सक्रिय करने को कहा। प्रदेश उपाध्यक्ष के द्वारा भाजपा दक्षिण के सरस्वती विद्या मंदिर दामोदर नगर के मेगा वैक्सिनेशन सेन्टर पहुंच कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। वैक्सीनेशन सेंटर की व्यवस्थाओं को देखकर जिलाध्यक्ष डॉ वीना आर्या और जिला पदाधिकारियों की तारीफ की।

संचालन महामंत्री प्रबोध मिश्रा ने किया। बैठक में शिवराम सिंह,राम बहादुर गणेश शुक्ला, अरविन्द वर्मा,शैलेन्द्र त्रिपाठी,राजन चौहान, संजय कटियारएविनय मिश्रा,वन्दना गुप्ता, अर्जुन बेरिया, जसविंदर सिंह,मनीष त्रिपाठीए राजन सक्सेना,अनीता दीक्षित प्रभाकर पांडेय डॉ एस पी पाण्डेय मौजूद रहे।

सीआईबी बोर्ड द्वारा महिलाओं के प्रशिक्षण हेतु कार्यशाला का आयोजन

कानपुर। आशा वेलफेयर सोसाइटी द्वारा संचालित जीविका महिला स्वयं सहायता समूह ने सीआईबी बोर्ड ने अन्य ग्रामों में उपस्थित महिला स्वयं सहायता समूहों को प्रशिक्षण देने हेतु एक कार्यशाला का आयोजन किया है। यह कार्य जेई रवीन्द्र कुमार पाल, टैक्निकल असिस्टेंट पंकज कुमार, एडियो देवीप्रसाद के संरक्षण में किया गया। पिछले कई समय से अपने क्षेत्र में कई कार्य कर चुकी है जैसे सरकारी स्कूल के बच्चों के यूनिफार्म बनाना मास्क बनाना डिजाइन चूड़ी बनाना आचार पापड़ बनाना आदि समूह ने मनरेगा के अंतर्गत दिए गये।

ओपीएफमें निरीक्षण के दौरान अपर महानिदेशक ओएफबी ने गुणवत्ता को सराहा

कानपुर। आयुध पैराशूट निर्माणी ;ओपीएफद्ध में आज आयुध निर्माणी बोर्ड ;ओएफबीद्ध के अपर महानिदेशक एवं सदस्य रजनीश लोडवाल ने निरीक्षण किया। नैपियर रोड, कैण्ट स्थित आयुध पैराशूट निर्माणी में आज पूर्वाह्न ओपीएफ के महाप्रबंधक अपूर्व मजुमदार ने अपर महानिदेशक एवं सदस्य आयुध निर्माणी बोर्ड श्री लोडवाल का स्वागत किया।

अधिकारियों की बैठक को सम्बोधित करते हुये उन्होंने कहा कि पैराशूट जैसे क्रिटिकल प्रोडक्ट के उत्पादन में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाना अनिवार्य है।

उन्होंने ओपीएफ में विश्वसनीय पैराशूट तैयार करने में उच्च गुणवत्ता मानकों को अपनाने के लिए ओपीएफ की सराहना की। इस अवसर पर महाप्रबंधक अपूर्व मजुमदार ने कहा कि निर्माणी के अधिकारी एवं कर्मचारी तन्मयता एवं कर्तव्यनिष्ठा के साथ अपने कार्यों में जुटे हैं। पैराशूट उत्पादन की दिशा में सभी अपना विशेष योगदान देते रहेंगे। इस दौरान निर्माणी के अपर महाप्रबंधक सुशील सिन्हाए अपर महाप्रबंधक आशीष कुमार, संयुक्त महाप्रबंधक एस बनर्जी, निदेशक विवेक गुप्ता एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।